Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय - 7 | राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ

**QUIZ PART-03**

1. **किसे परिवहन का सबसे सस्ता साधन माना जाता है?**
   A. रेल परिवहन B. सड़क परिवहन
   C. जल परिवहन D. वायु परिवहन (C)

*व्याख्या :* जल परिवहन परिवहन का सबसे सस्ता साधन है, विशेष रूप से भारी और स्थूलकाय वस्तुओं को ढोने में यह अधिक अनुकूल है।

2. **राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 1 किस नदी पर आधारित है?**
   A. ब्रह्मपुत्र
   B. गंगा
   C. गोदावरी
   D. कृष्णा (B)

*व्याख्या :* राष्ट्रीय जलमार्ग 1 गंगा नदी पर स्थित है और यह हल्दिया से इलाहाबाद तक 1,620 किमी लंबा है।

3. **भारत के कुल विदेशी व्यापार का कितना प्रतिशत समुद्री मार्ग से होता है (मात्रा की दृष्टि से)?**
   A. 50%
   B. 68%
   C. 75%
   D. 95% (D)

*व्याख्या :* भारत के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 95% समुद्री मार्ग से होता है (मात्रा की दृष्टि से)।

4. **"उड़ान" योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
   A. अंतरराष्ट्रीय यात्रा को प्रोत्साहित करना
   B. आम नागरिक के लिए उड़ान को सस्ता बनाना
   C. मुफ्त हवाई टिकट देना
   D. सभी शहरों को मेट्रो से जोड़ना (B)

*व्याख्या :* "उड़ान" योजना का उद्देश्य क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाना और सामान्य नागरिक के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाना है।

5. **देश का सबसे बड़ा पत्तन कौन-सा है?**
   A. कोलकाता पत्तन
   B. चेन्नई पत्तन
   C. तूतीकोरिन पत्तन
   D. मुंबई पत्तन (D)

*व्याख्या :* मुंबई पत्तन भारत का सबसे वृहद और व्यस्त पत्तन है, जो प्राकृतिक खुले पोताश्रय के रूप में विकसित है।

6. **किस पत्तन से देश का लगभग 50% लौह अयस्क निर्यात होता है?**
   A. मार्मागाओ पत्तन B. पारादीप पत्तन
   C. न्यू मंगलौर पत्तन D. कोचीन पत्तन (A)

*व्याख्या :* गोवा स्थित मारमागाओ पत्तन लौह अयस्क निर्यात के संदर्भ में भारत का सबसे महत्वपूर्ण पत्तन है।

7. **वायु परिवहन किन क्षेत्रों को सुगमता से जोड़ता है?**
   A. तटीय क्षेत्र B. मैदानी क्षेत्र
   C. दुर्गम एवं अवतल क्षेत्र D. केवल शहरी क्षेत्र (C)

*व्याख्या :* वायु परिवहन विशेष रूप से दुर्गम, ऊँचे पर्वतीय, मरुस्थलीय और वनाच्छादित क्षेत्रों को अन्य क्षेत्रों से जोड़ने में सक्षम है।

8. **पवन हंस हेलीकॉप्टर लिमिटेड की सेवाएं मुख्यतः किनके लिए उपलब्ध हैं?**
   A. विदेशी पर्यटकों के लिए
   B. मेट्रो शहरों के लिए
   C. तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग और दुर्गम क्षेत्रों के लिए
   D. रेलवे कर्मचारियों के लिए (C)

*व्याख्या :* पवन हंस हेलीकॉप्टर लिमिटेड तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग और उत्तरी-पूर्वी राज्यों, हिमालयी क्षेत्रों जैसे दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं उपलब्ध कराता है।

9. **हल्दिया पत्तन किस पत्तन का सहायक पत्तन है?**
   A. कोचीन पत्तन B. कोलकाता पत्तन
   C. चेन्नई पत्तन D. पारादीप पत्तन (B)

*व्याख्या :* हल्दिया पत्तन कोलकाता पत्तन पर बढ़ते दबाव को कम करने हेतु सहायक पत्तन के रूप में विकसित किया गया।

10. **तूतीकोरिन पत्तन की विशेषता क्या है?**
    A. देश का सबसे व्यस्त पत्तन है
    B. यह केवल घरेलू व्यापार करता है
    C. यह भारत और पड़ोसी देशों के बीच व्यापार को संचालित करता है
    D. यह कृत्रिम पत्तन है (C)

*व्याख्या :* तूतीकोरिन पत्तन भारत के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित है और यह भारत तथा पड़ोसी देशों (जैसे श्रीलंका, मालदीव) के बीच व्यापार को संचालित करता है।

DESH KA APNA SCHOOL